रोहतक
मंगलवार 10 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 07
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम**
अधि. 26.3
न्यून. 6.4


# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,065.75 | 485.35 ▲ |
| निफ्टी | 25,867.30 | 173.60 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,61,000/- | 3000/- ▲ |
| चांदी | 2,56,800/- | 10800/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | डाउन |
|---|---|---|
| रुपया | 90.74 | 9 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 67.34 बैरल | | 1.04% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


CBC 06124/13/0005/2526
AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA
सर्वजन हिताय | सर्वजन सुखाय
WELFARE FOR ALL | HAPPINESS OF ALL
3 मार्गदर्शक सूत्र
मनुष्य. ग्रह. प्रगति
16-20 फरवरी 2026 | नई दिल्ली, भारत
एक ऐसे भविष्य का निर्माण करना जहां एआई का परिवर्तनकारी प्रभाव मानवता की सेवा करे और हमारे ग्रह की रक्षा करे
इवेंट को लाइव देखें



## खबर संक्षेप

### शरद पवार की तबीयत खराब, इलाज जारी



**पुणे।** राज्यसभा सांसद शरद पवार की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें बुखार, खांसी की समस्या है। शरद पवार के कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। शरद पवार का पहले बारामती में इलाज चल रहा था, लेकिन तबीयत में सुधार न होने पर उन्हें पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक ले जाया गया। *एजेंसी*

### नरवणे की किताब लीक होने पर एफआईआर

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के सर्कुलेशन को लेकर दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एफआईआर दर्ज की। यह कार्रवाई अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन न्यूज फोरम पर सामने आई जानकारी के आधार पर की गई, जिसमें दावा किया गया था कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी सर्कुलेट हो रही है। किताब के पब्लिकेशन के लिए अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी नहीं मिली है। *एजेंसी*

## पश्चिम बंगाल समेत सभी राज्यों को शीर्ष अदालत की दो टूक

# एसआईआर में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे : सुप्रीम कोर्ट

1. बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने की डेडलाइन एक हफ्ते बढ़ी
2. एसआईआर नोटिस जलाने के मामले में डीजीपी से मांगा जवाब
3. वोटर लिस्ट संशोधन में अंतिम फैसला चुनाव आयोग लेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने दो टूक कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे। साथ ही कोर्ट ने बंगाल एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख 14 फरवरी से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है। वहीं चुनाव आयोग ने कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ बदमाशों ने बंगाल में एसआईआर से जुड़े नोटिस जला दिए और अब तक इस मामले में कोई एफआईआर नहीं हुई। कोर्ट ने बंगाल के डीजीपी से जवाब मांगा है। डीजीपी से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है। 4 फरवरी को हुई सुनवाई में सीएम बनर्जी ने अदालत में दलीलें पेश की थीं।

*पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) से जुड़े केस में सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की टिप्पणियों ने राज्य सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए। डीजीपी को हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया।*

### ममता सरकार को झटका



सुप्रीम कोर्ट का फैसले ममता सरकार के लिए बड़ा झटका है। ममता बनर्जी ने एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से 'बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाने' की आशंका जतायी थी। 4 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में पेश होकर ममता ने कहा था कि चुनाव बंगाल को निशाना बना रहा है।

### एसआईआर नोटिस जलाने पर सख्ती

याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की 3 सदस्यीय बेंच ने कहा- हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

### राज्यों को स्पष्ट संदेश जाए कि संविधान सभी पर लागू होता है

निर्वाचन आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईआर नोटिस जलाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है।



हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## हरियाणा आज खेलों का पावर हाउस : सीएम

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा खेलों का पावर हाउस बन चुका है। उन्होंने सोमवार को राष्ट्रीय खेलों के 417 पदक विजेता तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों को लगभग 24 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी केवल फसल ही नहीं बल्कि चैंपियन भी पैदा करती है। इस भूमि पर पसीना बहाकर खेलों में इतिहास रचा जाता है। कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

(संबंधित खबर पेज-2 पर)

**689 खिलाड़ियों ने 153 पदक जीते**

प्रदेश के 689 खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपने दमखम, समर्पण और प्रतिभा का परिचय देते हुए कुल 153 पदक जीते थे। खिलाड़ियों ने अपनी वर्षों की मेहनत, त्याग व संघर्ष से 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक राज्य की झोली में डाले।

## बोर्ड परीक्षा के 15 दिन बाद रि-एग्जाम दे सकेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**बोर्ड ने दी राहत दो विषय भर सकेंगे**

हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (एचबीएसई) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड ने छात्रों के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब जिन छात्रों के किसी कारणवश एक या दो एग्जाम खराब हो जाते हैं, उन्हें 15 दिनों के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा, ताकि वे अपने अंक सुधार सकें। बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल को सारे एग्जाम खत्म होंगे। इसके बाद बोर्ड की ओर से 15 दिन में स्टूडेंट्स से दोबारा पेपर देने के आवेदन मांगे जाएंगे। जो विद्यार्थी आवेदन करेंगे, उनके लिए दोबारा से डेटशीट जारी करके एग्जाम कराए जाएंगे। खास बात ये है कि स्टूडेंट्स केवल दो पेपर ही दोबारा दे सकते हैं। चेयरमैन ने कहा परीक्षा के दौरान हरियाणा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति लागू की जाएगी।

## ग्लोबल सिटी में बुर्ज खलीफा से बड़ी इमारत की योजना

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सूबे के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ग्लोबल सिटी में दुबई की बुर्ज खलीफा से भी ऊंची इमारत बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। मंत्री ने दावा किया है कि ग्लोबल सिटी का 46 फीसदी काम पूर्ण हो चुका है। 800 करोड़ खर्च हो चुके हैं। सिटी की अहम बात यह होगी कि सबसे बड़ी आइकोनिक इमारत का निर्माण इसके तहत ही प्रस्तावित है। योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। बिल्डिंग का स्वरूप, प्रारूप और डिजाइन फाइनल करने के लिए जल्दी ही कंसलटेंट (सलाहकार) नियुक्त किए जाने वाले हैं।

## भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना तय, घोषणा जल्द

**लाहौर (भाषा)।** पाकिस्तान भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार का फैसला बांग्लादेश के अनुरोध के बाद वापस लेगा जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि इस पर अंतिम फैसला अगले 24 घंटे में आ जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम के साथ आईसीसी से बातचीत को स्वीकार करते हुए यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में नकवी ने कहा कि पीसीबी आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कुछ मसलों पर जवाब का इंतजार कर रहा है । भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में होना है। यहां मीडिया रपटों में कहा गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का भी फोन आया है जिन्होंने बहिष्कार का फैसला वापिस लेने का आग्रह किया है । जियो न्यूज ने कहा कि शरीफ ने आश्वासन दिया है कि पाकिस्तानी टीम भारत के खिलाफ खेलेगी ।

**पंजाब के तरनतारन में वारदात**

## क्लासरूम में छात्रा की गोली मारकर हत्या, खुद भी जान दी

एजेंसी ▶▶ तरनतारन

पंजाब के तरनतारन स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को छात्र ने क्लासरूम में घुसकर छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने वहीं पर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मृतक छात्रा संदीप कौर (20) है, वह लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। वहीं आरोपी छात्र तरनतारन का प्रिंसराज सिंह है, वह भी छात्रा के साथ पढ़ता था। पुलिस ने लॉ कॉलेज को सील कर दिया है,



साथ ही हत्या के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस जांच के मुताबिक मामला एकतरफा प्यार का है। लड़की की सगाई हो चुकी थी लेकिन लड़का उस पर दबाव डाल रहा था। युवक ने वेलेंटाइन वीक में 8 फरवरी को छात्रा को प्रपोज किया था लेकिन उसने इनकार कर दिया।

### घटना सीसीटीवी में कैद

हत्या से जुड़ा क्लासरूम का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सोमवार सुबह 9 बजकर 16 मिनट पर संदीप कौर अपनी सहेली के साथ बैठी है। उसी समय आरोपी लड़का वहां आकर बैठ जाता है। फिर थोड़ी देर में लड़का उठता है। वह अपने बैग से पिस्टल निकालता है। इसके बाद वह छात्रा के सिर से पिस्टल सटाकर गोली मार देता है। गोली लगते ही छात्रा नीचे गिर पड़ती है। इसके बाद प्रिंसराज खुद को भी गोली मार देता है।

## पंचकूला कोर्ट व संसद को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़/नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंचकूला कोर्ट, संसद भवन और राजधानी दिल्ली के 15 स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिले। मेल में दावा किया गया कि 13 फरवरी को दोपहर 1.11 बजे संसद में ब्लास्ट होगा और दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे। अधिकारियों ने बताया कि आठ धमकियां बाद में फर्जी पाई गईं। ईमेल में आतंकी अफजल गुरु और पंजाब को खालिस्तान बताने का भी जिक्र था। धमकी के बाद स्कूलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, पंचकूला कोर्ट को धमकी के बाद खाली करवा दिया गया। तलाशी अभियान के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के 15 स्कूलों की धमकी भी फर्जी निकली।

## राम मंदिर उड़ाने की साजिश रचने वाले कैदी की हत्या



हत्यारोपी अरुण

**अब्दुल रहमान पर अरुण चौधरी ने नुकीली चीज से हमला किया**

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची वाले जेल में बंद अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई है। रविवार देर रात जेल में मर्डर केस में बंद अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट नाम के कैदी ने उस पर नुकीली चीज से हमला कर जान ले ली। 20 साल के अब्दुल को गुजरात एटीएस ने मार्च 2025 में पकड़ा था। जांच में पता चला कि वह अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट के कुख्यात आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में था। उसने अयोध्या में राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी। वहीं कत्ल करने वाला कैदी अरुण चौधरी का नाम भी चर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड में आया था। उसे पंजाब में हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था।

## परीक्षा पे चर्चा : पीएम ने देशभर से आए छात्रों से की मुलाकात

# टेक्नोलॉजी का गुलाम न बनें, तकनीक के जरिए क्षमता को विकसित करें : मोदी

**पढ़ने के साथ-साथ लिखकर करें प्रैक्टिस**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें एडिशन के दूसरे एपिसोड में देशभर से आए छात्रों से मुलाकात की। पीएम मोदी कोयंबटूर से छत्तीसगढ़ पहुंचे और बच्चों से बात की। इसके बाद पीएम गुवाहाटी के अष्टलक्ष्मी पहुंचे। पीएम ने कहा कि कभी भी टेक्नोलॉजी का गुलाम नहीं बनना चाहिए। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल क्षमता बढ़ाने में करें। दूसरे एपिसोड में पीएम मोदी ने बच्चों को पढ़ने के साथ, लिखकर प्रैक्टिस करने की सलाह दी। साथ ही बच्चों से कहा कि पहले निडर बनो फिर लीडर बन जाओगे।

*पीएम ने छात्रों को पढ़ाई में कमजोर क्लासमेट्स की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनसे दोस्ती करनी चाहिए और उन्हें टॉपिक समझाने चाहिए। दूसरों को पढ़ाने से खुद भी बेहतर सीखने में मदद मिलती है।*

### पेपर सॉल्व करने की आदत डालें

**परीक्षा के समय तनाव कैसे कम करें**

आप पुरानी परीक्षा के दिनों को याद कीजिए। जब आप पुरानी परीक्षाओं को याद करेंगे, तो आपको लगेगा उस समय भी तनाव था, लेकिन जब वह परीक्षा देकर आ गया, तो कुछ नहीं था। ऐसा होता है ना। परीक्षा के लिए सबसे अच्छी चीज होती है कि आप पेपर सॉल्व करने की आदत डालें। लिखने की आदत डालें। अगर खुद आप इस तरह से प्रैक्टिस करते रहेंगे तो आपको कभी तनाव नहीं होगा।



### तय करो, कोई करे या ना करे मैं करूंगा

पहले निडर बनो, जो काम है, मन में तय करो कि कोई ओर करे या ना करे मैं करूंगा। जब आप ऐसा सोचना शुरू कर देंगे, तो आप देखेंगे कि अपने आप लीडरशिप क्वालिटी डेवलप हो जाएगी। मान लीजिए कहीं कचरा है और उसे आपने उठा लिया, तो आपको देखने वाले 4 लोग भी ऐसा ही करने लगेंगे।




सोना आपके हर सपने को पूरा कर सकता है
India's #1 Most Trusted Financial Services Brand 2025#
2.5+ लाख ग्राहकों की रोज़ाना सेवा*
भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी
7-स्तरीय सुरक्षा
7,500+ शाखाएं*
स्कैन करें और जाने 'सोना क्या नहीं कर सकता'
ग्राहकों को रेफ़र करें और जीतें शानदार इनाम^^
1800 313 1212
muthootfinance.com
#TRA's Brand Trust Report. | *मुथूट फाईनान्स एवं उसकी सब्सिडियरी कंपनियां। | ^^शर्तें लागू। | https://www.muthootfinance.com/terms-and-condition
Muthoot Family - 800 years of Business Legacy

## खबर संक्षेप

### बजट सत्र की तैयारियों में जुटे विस स्पीकर कल्याण



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने ऑस्ट्रेलिया के अपने आधिकारिक दौरे से लौटते ही बजट सत्र पर ध्यान केंद्रित कर लिया है। सोमवार को उन्होंने विधान सभा सचिवालय अधिकारियों के साथ बैठक कर सत्र की तैयारी का जायजा लिया। विस अध्यक्ष ने कहा कि बजट सत्र साल का सबसे महत्वपूर्ण सत्र रहता हैं, इसलिए इसकी तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार की ओर से 20 फरवरी से बजट सत्र बुलाए जाने की घोषणा की गई है।

### ऊर्जा मंत्री के भाई का स्वास्थ्य बिगड़ा

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश के श्रम, परिवहन और ऊर्जा मंत्री अनिल विज के भाई राजेंद्र विज की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका उपचार जारी है। जानकारी अनुसार कई सामाजिक संस्थाओं और योग आदि के लिए जनजागरण करने वाले सामाजिक कार्यता राजेंद्र विज की गत दिवस अचानक ही नाक और मुंह से खून आने के बाद तबीयत अचानक ही खराब हो गई थी। जिसके बाद में परिजन उनको लेकर तुरंत ही चंडीगढ़ मोहाली सीमा पर स्थित फोर्टिस अस्पताल में ले आए थे। यहां पर डॉक्टर उनका बीपी और तबीयत स्थिर होने का इंतजार कर रहे हैं।

### प्रदेश के युवाओं का हक मार रही सरकार : दीपेंद्र



**नई दिल्ली।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सोमवार को दिल्ली में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग सिलेक्शन की बजाय हरियाणवी युवाओं के लिए रिजेक्शन कमीशन के रूप में काम कर रहा है। हरियाणा के युवाओं का हक मारा जा रहा है। पंचकुला में आज भी एचपीएससी दफ्तर के बाहर बच्चों का धरना चल रहा है। हरियाणा सरकार और एचपीएससीएक साजिश के तहत नौकरी बाहर वालों को और ठोकर अपने वालों को दे रहा है। जिस प्रकार हरियाणा की सरकार रिमोट कंट्रोल से दिल्ली से चल रही है वैसे ही नौकरियों का कंट्रोल भी बाहर से चल रहा है।

### जल निकासी परियोजना का शिलान्यास

**चंडीगढ़।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार के आजाद नगर क्षेत्र में लगभग 28.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली बरसाती जल निकासी परियोजना का शिलान्यास किया। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि परियोजना के माध्यम से आजाद नगर क्षेत्र के लगभग 500 एकड़ क्षेत्र को कवर किया जाएगा। बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव से निजात दिलाने में इससे मदद मिलेगी।

---

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में 'मुख्यमंत्री कप' का शुभारंभ किया

38वें राष्ट्रीय खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया

# हरियाणा की माटी फसल ही नहीं मैदान में भी पैदा कर रही चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा खेलों का पावर हाउस बन चुका है, जिसकी माटी फसल ही नहीं उगाती अपितु मैदान में चैंपियन भी पैदा करती है। अब हरियाणा केवल किसानों और जवानों की भूमि ही नहीं, बल्कि खेलों की धरती के रूप में पूरे देश में अपनी पहचान बना चुका है। आज राष्ट्रीय खेलों से लेकर ओलंपिक तक हरियाणा की गूंज सुनाई देती है। सरकार का उद्देश्य है प्रदेश का कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को गुरुग्राम स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में मुख्यमंत्री कप का शुभारंभ एवं 38वें राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को पुरस्कार वितरित करने के उपरांत उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के 417 पदक विजेता तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों को लगभग 24 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। उन्होंने हॉकी खिलाड़ी पद्मश्री सविता पूनिया को भी सम्मानित किया।

#### प्रदेश की खेल प्रतिभाएं, अनुशासन परिश्रम और संकल्प की मिसाल

उन्होंने कहा कि यह आयोजन हरियाणा की खेल प्रतिभा, अनुशासन, परिश्रम और संकल्प का उत्सव है तथा आज गुरुग्राम की यह पावन धरती दो खेल उत्सवों के रंग में रंगी है। हरियाणा की मिट्टी केवल फसल ही नहीं बल्कि चैंपियन भी पैदा करती है। इस भूमि पर पसीना बहाकर खेलों में इतिहास रचा जाता है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में अद्भुत प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में अपनी पहचान बनाई है। प्रदेश के 689 खिलाड़ियों ने 33 विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपने दमखम, समर्पण और प्रतिभा का परिचय देते हुए 153 पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि हरियाणा आज खेलों का पावर हाउस बन चुका है। इन खेलों में खिलाड़ियों ने 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक प्राप्त किए है। उन्होंने ने कहा कि खिलाड़ी प्रदेश के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता को 7 लाख रुपये, रजत पदक विजेता को 5 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेता को 3 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही प्रतिभागियों को भी 51-51 हजार रूपए की राशि भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई है।

### नागेश ट्रॉफी : राष्ट्रीय टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ




**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खिलाड़ी का साहस ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। जब हौसले बुलंद हों तो कोई भी कमी सफलता की राह नहीं रोक सकती। हमारी सरकार का संकल्प है कि हर प्रतिभा को मंच और हर सपने को उड़ान मिले। दिव्यांग खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर देने के लिए प्रदेश में उनके लिए विशेष खेल सुविधाएं और अलग स्टेडियम विकसित किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री ने सोमवार को ताऊ देवीलाल स्टेडियम, गुरुग्राम के क्रिकेट ग्राउंड में नागेश ट्रॉफी दृष्टिबाधित राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष) के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए आयोजन के लिए 21 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पहले टी 20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप की विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अभिनंदन कर सम्मानित किया।

#### 29 राज्यों के खिलाड़ी ट्रॉफी में ले रहे हिस्सा

नागेश ट्रॉफी के 8वें संस्करण में 29 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं और कुल 73 मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता से चयनित 17 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वर्ष 2026-27 की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### ■मुख्यमंत्री ने परिवेदना समिति की बैठक ली

# गुरुग्राम की क्षतिग्रस्त सड़कों की एक माह में होगी मरम्मत



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ करें तथा किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। उन्होंने साइबर सिटी की सड़कों की एक माह में मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के समग्र विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिले से जुड़ी प्रत्येक समस्या पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और उनका शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार निरंतर जन समस्याओं की समीक्षा कर रही है, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके और विकास कार्यों में गति बनी रहे।मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 17 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 12 का मौके पर ही निपटारा किया।

#### मुख्यमंत्री ने शिकायत पर तुरंत लिया संज्ञान

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सेक्टर-10ए स्थित उमंग भारद्वाज चौक से वाया गाडौली होते हुए द्वारका एक्सप्रेसवे तक सड़क की खस्ताहाल स्थिति की शिकायत पर संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 24 घंटे के भीतर सड़क को गड्ढा-मुक्त किया जाए। सड़क पर यदि कहीं भी अतिक्रमण है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क चाहे किसी भी विभाग से संबंधित हो, चाहे वह एचएसआईआईडीसी, नगर निगम या जीएमडीए के अधीन हो नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए अगले एक महीने के भीतर सभी सड़कों की मरम्मत कर उन्हें मोटरेबल बनाया जाए। मुख्यमंत्री की त्वरित पहल से सेक्टर-85 की सड़क समस्या का समाधान, 7,000 से अधिक लोगों को मिलेगी राहत बैठक में सेक्टर-85 स्थित कार्नेशन रेजीडेंसी आरडब्ल्यूए द्वारा प्रस्तुत की गई सड़क अवरोध से संबंधित शिकायत पर भी निर्देश दिए।

---

### ■निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर किया मंथन

## चुनाव की डेट फाइनल होने तक आवेदन कर सकेंगे कांग्रेस उम्मीदवार : राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** आगामी नगर निगम एवं निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। हरियाणा कांग्रेस में निगम चुनाव लड़ने इच्छुक नेताओं के आवेदन प्रक्रिया जारी रहेगी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि मीटिंग में निगम चुनाव को लेकर सोमवार को सोनीपत नगर निगम के उम्मीदवारों पर मंथन किया गया। बैठक में तय किया गया कि जब तक निकाय चुनाव की डेट फाइनल नहीं होती है, तब तक आवेदन की प्रक्रिया जारी रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी की तरफ से आवेदन आए हैं जिन लोगों ने आवेदन करना है, वे अपना सर्टिफिकेशन का काम करवा रहे हैं, इसलिए अभी उनके आवेदन आने का इंतजार कर करना चाहिए।




#### विधायक दल की बैठक 19 को

राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें बजट सत्र को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। पेंशन काटे जाने का मुद्दा, किसानों का मुद्दा राशन कार्ड काटे जाने का मुद्दा, एचपीएससी में नौकरी का मुद्दा और कानून व्यवस्था समेत तमाम मुद्दे विपक्ष के पास सरकार को घेरने के लिए है। कांग्रेस बजट सेशन के दौरान हरियाणा विधानसभा का घेराव करेगी। विधानसभा का घेराव कब करना है, इसको लेकर विधायक दल की बैठक में रणनीति बनाई जाएगी।

### कांग्रेस ने चार जिलों में कार्यकारिणी गठित की

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने प्रदेश में संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चार नई जिला कार्यकारिणयों का गठन कर दिया है। जिसमें अंबाला ग्रामीण, रोहतक ग्रामीण और पानीपत ग्रामीण सहित अन्य शामिल हैं। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि इन चार नई जिला समितियों के गठन के साथ अब पार्टी की कुल 30 जिला समितियां पूर्ण हो गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार संगठन विस्तार की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है और इसे अमली जामा पहनाया जा रहा है।

राव नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं में व्याप्त उत्साह और जोश की सराहना की। उन्होंने बताया कि पार्टी के सभी स्तरों पर कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्यरत हैं। शंकर के विस्तार से हरियाणा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उमंग का संचार हुआ है।

### ऑनलाइन तबादले : रिक्त पदों को न ही नोशनल वैकेंसी और न ही नोशनल कैटेगरी में रखा जाएगा

■ मुख्य सचिन ने प्रशासनिक सचिवों को पत्र भेजा

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य के पहले ऑनलाइन तबादला अभियान से पूर्व मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, 2025 के तहत नोशनल वैकेंसी और नोशनल कैटेगरी शब्दों की एक समान व्याख्या सुनिश्चित करने के लिए स्पष्टीकरण जारी किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को भेजे गए पत्र में कहा यह देखने में आया है कि विभिन्न विभाग नोशनल वैकेंसी और नोशनल कैटेगरी शब्दों की अलग-अलग व्याख्या कर रहे हैं, जिससे नीति के क्रियान्वयन में विसंगतियां उत्पन्न हो रही हैं और कानूनी विवाद की आशंका भी बढ़ रही है। कानूनी सिद्धांतों, नीति के उद्देश्य और प्रशासनिक व्यवहार्यता के दृष्टिकोण से समीक्षा करने के बाद एक समान निर्णय लिया गया है।0जारी स्पष्टीकरण के अनुसार, ट्रांसफर पॉलिसी की अधिसूचना से पहले मौजूद रिक्त पदों को पहले ऑनलाइन तबादला अभियान के दौरान न तो नोशनल वैकेंसी माना जाएगा और न ही उन्हें नोशनल कैटेगरी में रखा जाएगा।

### बुढ़ापा पेंशन खत्म करने की चल रही साजिश : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** बुढ़ापा पेंशन योजना को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भाजपा सरकार से बड़ा सवाल किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन पर निरंतर झूठ बोलने की बजाय बीजेपी सरकार अपनी मंशा स्पष्ट करे कि वह समाज कल्याण से जुड़ी देश की बेहतरीन और बेहद पुरानी योजना पर प्रहार करके उसे समाप्त करने की साजिश क्यों कर रही है, दुष्यंत चौटाला ने राज्य सरकार से मांग की है कि वे किसी भी बुजुर्ग की पेंशन न रोके और योजना से वंचित किए गए बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन को तुरंत हर हाल में बहाल करे।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत**

**मु.न. 29 दिनांक 04.02.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बहालगढ़ जिला सोनीपत ।**



गुमशुदा की पहचान
नाम - निक्की कुमारी।
पिता का नाम - देसई महतो ।
पता - वासी गाँव एकड़ेरवा जिला मोतीहारी बिहार हाल शिव मंदिर के पास बहालगढ़ जिला सोनीपत ।
उम्र 19 वर्ष
कद 5 फुट ।
हुलिया- रंग सावला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, लम्बी गर्दन, हष्ट-पुष्ट शरीर है।
पहनावा - पीले रंग का सूट-सलवार, पैरो में काले रंग के जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 02.02.2026 को निक्की कुमारी पुत्री देसई महतो वासी गाँव एकड़ेरवा जिला मोतीहारी बिहार हाल शिव मंदिर के पास बहालगढ़ जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना - 7419410539
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9996500068
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/4455/2026/42881/88/6 दि. 09.02.2026


### पुलिस भर्ती में अस्पष्ट याचिकाओं पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार पर जुर्माना



■ न्यायालय के समय को बर्बाद करना सहन नहीं

**चंडीगढ़।** भर्ती विवादों में आदेशों के स्पष्टीकरण अथवा संशोधन के नाम पर फिजूल और अस्पष्ट आवेदन दाखिल करने की प्रवृत्ति पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को कड़ी आलोचना करते हुए उस पर 1.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि इस तरह की याचिकाएं न्यायालय का कीमती समय बर्बाद करती हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। मामला पूर्व सैनिक क्लर्क रहे हितेश की याचिका से जुड़ा है, जिन्होंने एचएसएससी द्वारा पुलिस कांस्टेबल भर्ती में उन्हें आश्रित पूर्व सैनिक (डीईएसएम) श्रेणी के बजाय सामान्य श्रेणी में रखने को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने अक्टूबर 2022 में सीईटी के लिए डीईएसएम श्रेणी में आवेदन किया था और अगली चयन प्रक्रिया के लिए पात्र भी घोषित हुए थे। बाद में पुरुष कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) भर्ती के दौरान अधिकारियों ने यह कहते हुए उन्हें सामान्य श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया कि उन्होंने आवेदन के साथ डीईएसएम पात्रता प्रमाणपत्र का पिछला भाग अपलोड नहीं किया था।

### पदोन्नति वापस लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

**चंडीगढ़।** हरियाणा मत्स्य विभाग के निदेशक स्तर के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा पदोन्नति वापस लेने के राज्य सरकार के आदेश को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। अधिकारी ने न केवल अपने पद से हटाए जाने के आदेश को असंवैधानिक बताया है, बल्कि यह भी सवाल उठाया है कि आंतरिक शिकायत समिति की लंबित जांच के आधार पर पदोन्नति वापस लेना सेवा नियमों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। याचिकाकर्ता अधिकारी श्रीपाल राठी ने अपनी याचिका में हरियाणा सरकार के मत्स्य विभाग द्वारा 30 जनवरी 2026 को जारी उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत फरवरी 2024 में दी गई उनकी निदेशक पद की पदोन्नति वापस ले ली गई थी। सरकार के आदेश में कहा गया है कि पदोन्नति प्रारंभ से ही प्रारंभिक जांच के परिणामों के अधीन थी। अधिकारी के खिलाफ महिला उत्पीड़न शिकायत मिलने पर जांच चल रही है। अदालत ने सरकार ने जवाब तलब किया है।

### बिजली लाइन में फाल्ट को खुद ठीक करने से बचें किसान

■ हादसा होने का खतरा, हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें : निगम

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए सभी किसानों व आम उपभोक्ताओं से कहा गया है कि वे बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा अन्य विद्युत उपकरणों से स्वयं छेड़छाड़ न करें और न ही उन्हें स्वयं ठीक करने का प्रयास करें। यह देखने में आ रहा है कि कुछ किसान व उपभोक्ता स्वयं ही बिजली फॉल्ट ठीक करने की कोशिश करते हैं तथा बिना किसी सुरक्षा उपाय के बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों पर चढ़ने का प्रयास करते हैं। इससे बिजली संबंधी दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। निगम प्रवक्ता ने बताया कि सभी उपभोक्ता स्वयं बिजली उपकरणों को ठीक करने से बचें और अपनी बिजली से संबंधित शिकायत निर्धारित माध्यमों के जरिए दर्ज कराएं। उपभोक्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन माध्यमों जैसे यूएचबीवीएन मोबाइल ऐप, टोल फ्री नंबर 1912, 1800-180-1550 अथवा अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में जाकर दर्ज करा सकते हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी रोहतक द्वारा उपायुक्त महोदय के निर्देश पर रोहतक में Mini Secretariat, Rohtak and Tehsil office, Sampla / Rohtak / Lakhan Majra की कैंटीन को आगामी 2 वर्षों के लिए खुली बोली के माध्यम से ठेके पर दिया जाएगा। बोली दिनांक 13 February, 2026 को दोपहर बाद 1:00 बजे Mini Secretariat, रोहतक कार्यालय में आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को 1,00,000/- (One lakh only) DD / cash सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवानी होगी तथा बोली Mini Secretariat, Rohtak – Rs 19,000/-, Tehsil Office, Sampla – Rs 10,000/-, Tehsil Office, Rohtak – Rs 15,000/-, Tehsil Office, Lakhan Majra – Rs 5000/- से प्रारंभ होगी। इच्छुक बोलीदाता जिला रेड क्रॉस सोसायटी, रोहतक के नियमों व शर्तों के अनुसार की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता Rs 500/- रुपये फीस जमा करवा कर नियम और शर्तें रेड क्रॉस सोसायटी, रोहतक से दिनांक 11 February, 2026 शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

सम्पर्क सूत्रः 7404172954, 9416210562

उपायुक्त एवं प्रधान
जिला रेड क्रॉस, रोहतक


---

### विमानन सुरक्षा होगी मजबूत

## सरकार ने उच्च स्तरीय समिति का गठन किया

**चंडीगढ़।** नागरिक उड्डयन विभाग ने राज्य के एयरोड्रोम पर सुरक्षित और संरक्षित उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया है। यह समिति डीजीसीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी। इस समिति की अध्यक्षता विभाग के अकाउंटेबल मैनेजर करेंगे और इसमें विमानन तथा योजना क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ शामिल होंगे। समिति विभाग में तकनीकी पदों की आवश्यकता का भी आकलन करेगी, ताकि सभी विनियामक मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके।

यह पहल मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में वर्चुअल समीक्षा बैठक के दौरान सामने आई, जिसमें प्रदेशभर के रनवे और एयरोड्रोम के रखरखाव तथा विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि एयरोड्रोम का रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है।

### कल समर्पण दिवस मनाएगी भाजपा, वक्ता किए नियुक्त

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाएगी। हरियाणा में जिला स्तर पर गोष्ठियों का आयोजन होगा। युग दृष्टा पंडित दीनदयाल की पुण्य तिथि पर होने वाली इन गोष्ठियों में दीनदयाल के जीवन, योगदान, एकात्म मानवदर्शन, संगठनात्मक विचारों पर चर्चा होगी। भाजपा ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सभी 27 संगठनात्मक जिलों में वक्ताओं की नियुक्ति कर जिम्मेदारियां सौंप दी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर पंचकूला में होने वाली गोष्ठी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य वक्ता होंगे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | बॉटनी विभाग, म.द. विश्वविद्यालय रोहतक में यू/वी वीआईएस स्पेक्ट्रोफोटोमीटर्स (02 अदद) की आपूर्ति। | 06.02.2026 27.02.2026 | रु. 15.00 लाख (जीएसटी समेत) | www.mdu.ac.in | 9034067482 hod.botany@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | डेटा सेंटर प्रोटेक्शन सिस्टम्स एवं सम्बद्ध अवसंरचना (रोहतक) हेतु व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। | 07.02.2026 02.03.2026 | रु. 8,000/- | www.mdu.ac.in | 01262-293035 dir.ucc@mdu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/42857/I/88/6 दि. 09.02.26



"अन्न दाताः देवो भवः"

**कृषि दर्शन एक्सपो** 14th Edition

**14 15 16 फरवरी, 2026**

स्थान :- उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टी. टी. सी.) हिसार, हरियाणा

देश की सबसे बड़ी 'कृषि एवं औद्योगिक प्रर्दशनी' में आप सभी सादर आमंत्रित है।

मुख्य आकर्षण
- आधुनिक व नई तकनीक वाले कृषि यंत्र
- खेती में ड्रोन का इस्तेमाल
- जैविक खेती
- सूक्ष्म सिंचाई व ग्रीनहाऊस
- उन्नत बीज, कीटनाशक व उर्वरक
- कृषि सम्बन्धित लोन व योजनाएं
- पम्प व सोलर तकनीक
- पशु पालन व डेयरी

हरियाणवी सांस्कृति कार्यक्रम
रागनी, लोक-संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

9992223116, 9992223119 | www.krishidarshanexpo.com | Follow us on YouTube




## खबर संक्षेप



### सूरजकुंड के मंच पर बिखरा गुरदास मान के गीतों का जादू

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में आयोजित सांस्कृतिक संध्या उस समय यादगार बन गई, जब पंजाबी गीतकार गुरदास मान ने अपनी सुरीली आवाज की प्रस्तुति से समां बांध दिया। मंच संभालते ही गुरदास मान ने सबसे पहले मेले में हुए दुखद झूला हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले शहीद पुलिस इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की और हादसे में घायल हुए पर्यटकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने देशभक्ति गीत के साथ अपने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद जैसे ही पंजाबी कलाकार गुरदास मान ने अपने पारंपरिक अंदाज में गायकी शुरू की, पूरा परिसर तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा।

### निवेश के नाम पर 73.97 लाख की ठगी में खाताधारक काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने पुष्कर निवासी बल्लभगढ़ फरीदाबाद व यश मेहन निवासी बेगमपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-86 वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक लिंक आया, जिस पर क्लिक करते ही वह एक व्हॉट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। जिसके बाद ठगों द्वारा उससे स्टॉक्स, प्री आईपीओ एवं ब्लॉक डील्स में इंवेस्मेंट कराने के नाम पर अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिये अलग-अलग खातो में कुल 73,97,600 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद उसे कोई पैसा वापस नहीं मिला। जिस संबंध में साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि मामले में आरोपी पुष्कर खाताधारक हैं जिसने अपना खाता आगे यश मेहन को दिया था। दोनों आरोपी 12वीं पास है। खाते में ठगी के 2 लाख रुपये आये थे। आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## हिसार और सोनीपत में रिश्वत के आरोप में दो गिरफ्तार

# चालान जल्द पेश करवाने को मांगे एक लाख, नायब कोर्ट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

झज्जर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने यहां की जिला अदालत में तैनात एक नायब कोर्ट को लड़ाई झगड़े के मामले में रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि नायब कोर्ट ने अदालत में जल्द चालान पेश करने की एवज में एक लाख रुपये रिश्वत मांगी थी। एसीबी की टीम आरोपी नायब कोर्ट से पूछताछ करने में जुटी है। टीम ने आरोपी हवलदार सुनील कुमार पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने फतेहाबाद के रहने वाले ध्रुव के खिलाफ लड़ाई- झगड़े का मामला दर्ज किया था। उस मामले में पुलिस की तरफ से अदालत में अभी चालान पेश नहीं किया गया है। मामले की तारीख लग रही हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि चालान जल्द पेश करवाने की एवज में नायब कोर्ट सुनील कुमार ने एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। इस बारे में एसीबी को शिकायत दी गई। शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए झज्जर में तैनात निरीक्षक फतेह सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता ने नायब कोर्ट सुनील कुमार से संपर्क साधा। इस पर नायब कोर्ट ने उसे सिटी थाना के पास पटवार भवन में बुलाया। शिकायतकर्ता ने नायब कोर्ट को मांगी गई रिश्वत की राशि पकड़ा दी और एसीबी टीम को इशारा कर दिया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नायब कोर्ट को रिश्वत की राशि के तौर पर दी गई 500-500 रुपये के नोटों की दो गड्डी समेत दबोचा लिया।

■ लड़ाई झगड़े के एक मामले में मांगी थी रिश्वत, झज्जर एसीबी टीम ने की कार्रवाई

**रिश्वतखोरी पर लगाम** | **2025 में 251 भ्रष्टाचार के केस दर्ज किए,147 ट्रैप/रेड शामिल**

163 सरकारी कर्मियों को रिश्वत के आरोप में 2025 में पकड़ा गया। 13 राजपत्रित अधिकारी, 150 गैर-राजपत्रित कर्मचारी व 23 निजी व्यक्ति शामिल हैं।

1.03 करोड़ नकद रेड के दौरान मौके से बरामद किए, जबकि कुल 186 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हर महीने करीब 13 सरकारी कर्मचारी पकड़े गए।

### महिला पटवारी रिश्वत की रकम कैंटीन में देने को कहती थी, 20 हजार की रिश्वत में पकड़ी

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

खरखौदा के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में कैंटीन के माध्यम से रिश्वत का खेल चल रहा था। इसका खुलासा रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो व स्टेट विजिलेंस के छापे में हुआ। ब्लॉक पटवारी के पद पर सेवारत सुदेश को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में स्टेट विजिलेंस व एंटी करप्शन ब्यूरो रोहतक की संयुक्त टीम ने काबू किया है। सिसाना निवासी अनिल की शिकायत पर टीम ने उक्त कार्रवाई की है। ज्ञातव्य है कि सरकार द्वारा पंचायती जमीनों पर जिन व्यक्तियों का 20 साल या इससे अधिक पुराना कब्जा है उस जमीन का मालिकाना हक देने की योजना चलाई जा रही है। जमीन के कागजात तैयार करने की बदले में अनिल से 20 हजार रुपये मांग की गई थी।



शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत एसीबी रोहतक को दी। रिश्वत के तौर पर मांगी राशि को देने शिकायतकर्ता जब खंड कार्यालय पहुंचा तो पटवारी ने रकम को कार्यालय परिसर में कैंटीन मालिक कृष्ण को सौंपने को कहा। प्राप्त धनराशि को संबंधित को देने के लिए उसके पास पहुंचा तो छापामार टीम ने इंस्पेक्टर जगजीत की अगुवाई में पकड़ लिया। शुगर मिल के एमडी डॉ. संजय कुमार की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।

# स्कॉर्पियो ने दो को कुचला, एक गुरुवार को ही बना था बेटे का पिता

■ जगाधरी-अंबाला हाइवे पर कैल के पास हादसा, एक किशोर भी घायल

■ मृतक सतेंद्र की पत्नी डिलीवरी के लिए यूपी से आई थी मायके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जगाधरी-अंबाला हाईवे पर गांव कैल के पास स्कार्पियो की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में 14 वर्षीय किशोर घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर के गांव 81 मालागढ़ निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि उसका भाई 25 वर्षीय सतेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्ध नगर में नौकरी करता था। उसकी पत्नी गर्भवती थी। वह यहां सरस्वती नगर में अपने मायके में आई हुई थी। पांच फरवरी को उसे बेटा हुआ। सतेंद्र यहां उसके पास ही आया हुआ था। रविवार रात को सतेंद्र सिंह अपने साथी सरस्वती नगर निवासी 30 वर्षीय सोल्जर व साले 14 वर्षीय शिवम कुमार के साथ जगाधरी अस्पताल से बाइक पर सरस्वती नगर के लिए निकले थे। जब वह गांव कैल के पास पहुंचे तो अंबाला की ओर से आ रही स्कार्पियो चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें सतेंद्र व सोल्जर की मौत हो गई और शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रोड़ी से भरा डंपर कार पर पलटा बाल-बाल बचे दूल्हा व दुल्हन



**जींद।** जींद के कैथल रोड बाईपास एप्रोच रोड पर रोड़ी से भरा डंपर दूल्हे की गाड़ी पर पलट गया, जिसमें कार दूल्हा व दुल्हन समेत तीन लोग बाल-बाल बच गए, जबकि चालक मामूली रूप पर घायल हो गया। उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजाखेड़ी (पानीपत) निवासी विजय अपनी दुल्हन दड़बा कलां (सिरसा) निवासी स्नेहा, मौसेरे भाई मनोज, चाचा करण सिंह के साथ कार से वापस घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह जींद के कैथल रोड बाईपास अप्रोच रोड पर साइड में कार खड़ी कर बारात की दूसरी गाड़ियों का इंतजार कर रहे थे। उसी समय पीछे से रोड़ी से भरा तेज रफ्तार डंपर आया और अनियंत्रित होकर कार पर पलट गया।

### कार की टक्कर से 2 दोस्तों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** जीटी रोड पर चिड़ियाघर के समीप तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे दो दोस्तों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पंजाब के जिला लुधियाना के जसीयन रोड स्थित सुरेंद्र पार्क निवासी 25 वर्षीय शिव कुमार व हैबोवाल कलां निवासी 20 वर्षीय रोहित कुमार के रूप में हुई है। शिव कुमार और रोहित पेंट करने का काम करते थे। टक्कर के बाद कार चालक कुछ देर मौके पर रुका, लेकिन भीड़ जमा होने पर वह कार लेकर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शी गांव खानपुर निवासी धीरज कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी जीटी रोड पर पंक्चर की दुकान है। रविवार रात करीब साढ़े11 बजे वह चिड़ियाघर के पास एक ट्रक का पंक्चर लगा रहा था। इसी दौरान नीले रंग की कार तेज रफ्तार से आई और उसके आगे चल रही मोटरसाइकिल के पीछे टक्कर मार दी, जिसमें दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रोहित शादीशुदा था। करीब दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से उसके पास एक साल बेटी आंचल है, जबकि उसके दोस्त शिव कुमार की चार मार्च को शादी थी।



मृतक रोहित।



मृतक शिव

# मां ने तिरंगी साड़ी पहनकर किया विश्व विजेता बेटे का स्वागत, दादी ने सोने की चेन व अंगूठी दी




**झज्जर।** अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के गांव कुलाना निवासी कनिष्क चौहान का गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में युवा गाड़ियों के काफिले के साथ आतिशबाजी करते हुए स्टार क्रिकेटर को सम्मान समारोह स्थल पर लेकर पहुंचे। कनिष्क की माता सरिता चौहान ने तिरंगे रंग की साड़ी पहनकर अपने लाडले का स्वागत किया। इस दौरान वे अपने बेटे को गले लगाते हुए भावुक हो गई। दादी कमलेश देवी ने सोने की चेन और अंगूठी पहनाकर आशीर्वाद दिया। कनिष्क जहां पाकिस्तान के खिलाफ मैन ऑफ द मैच बने थे। वहीं, फाइनल में भी 37 रन व दो विकेट का शानदार प्रदर्शन किया था।

### पर्दों की पेमेंट लेने कश्मीर गया पानीपत का व्यापारी लापता

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी टेक्सटाइल करोबारी राम अरोड़ा लापता हैं। वहीं, राम की एक फरवरी को अपनी मां से बात हुई थी। राम, कश्मीर के श्रीनगर में बेचे गए पर्दों के 5.64 लाख रुपये की बकाया राशि लेने के लिए घर से निकले थे। दूसरी ओर, मां सरला की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने राम अरोड़ा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की और श्रीनगर पुलिस से संपर्क साध कर टेक्सटाइल व्यापारी राम की तलाश में सहयोग मांगा। सरला ने बताया कि राम ने उसे मोबाइल पर बताया था कि वह श्रीनगर पहुंच गया है, लेकिन पर्दे खरीदने वाला क्लाइंट नहीं मिल रहा है। इसके बाद मोबाइल बंद चल रहा है।

### मारपीट में पार्षद समेत 13 पर केस

**पानीपत।** देवी मूर्ति कॉलोनी निवासी हिमांशु डावर के साथ 15 सितंबर को हुई मारपीट की घटना में जेएमआईसी की अदालत ने थाना तहसील कैंप पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इधर, पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अनवी, विजय, शंकी, बॉबी चोपड़ा, तुषार, दीपा दारूवाला, गौतम धमीजा, राहुल, सुरेंद्र गग्गू, अशोक सोनी, साहिल चुघ, सौरभ चोपड़ा और नगर निगम पार्षद अंजलि शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शोर करने से टोका तो 3 युवकों ने फर्नीचर व्यापारी पर चलाई गोली

**यमुनानगर।** थाना छछरौली के गांव कोट मुस्तरका में देर शाम शोर मचाने से टोकने पर तीन युवकों ने फर्नीचर शोरूम संचालक सोहेल पर गोली चला दी। गनीमत यह रही की गोली उसे नहीं लगी। आरोपियों पर शोरूम में घुसकर वहां काम करने वाले कर्मचारी को भी धमकाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि आरोपी पास ही रेडिमेड की दुकान पर काम करते हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सोहेल ने बताया कि वह रविवार देर शाम साढ़े 8 बजे अपने शोरूम के बाहर खड़ा था। वहां शोर कर रहे युवकों को टोका तो कोट मुस्तरका निवासी सार्थक ने अपनी पेंट से पिस्तौल निकाल कर लोड करने के बाद फकीर माजरा निवासी नसीम को दे दी। आरोपी ने उस पर गोली चला दी। मगर वह गोली लगने से बाल-बाल बच गया।

# फर्जी डॉक्टर बन मंगवाई 3 लाख की दवा, चेक बाउंस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कृष्णा गेट थाना पुलिस के अंतर्गत ठगों ने खुद को सरकारी अस्पताल का डॉक्टर बताकर दवा कंपनी से तीन लाख रुपये की दवाइयां खरीद ली। बदले में आरोपी ने कंपनी को चेक दिए, लेकिन चेक बाउंस हो गए। आरोपी ने कंपनी से दो बार दवाइयां मंगवाई। बाद में पता चला कि अस्पताल में उस नाम का कोई डॉक्टर ही नहीं है। दवा कंपनी के मैनेजर गुलशन शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास अज्ञात नंबर से फोन आया कि उसे कुछ दवाइयां चाहिए। कॉल करने वाले ने खुद को डॉ. अमित गुप्ता बताया और कहा कि वह एलएनजेपी अस्पताल के रूम नंबर 201 में बैठता है। कॉल करने वाले ने बताया कि उसके एक मरीज को बाहर जाना है और 10 डिब्बी शुगर की दवाई चाहिए। कंपनी के पास पांच डिब्बी स्टॉक में थी। कॉल करने वाले ने फिर से फोन करके कुछ और दवाइयां मांगी। कंपनी ने उसकी जरूरी दवाइयां निकाल कर करीब 91 हजार रुपये का बिल बना दिया।

### अस्पताल के बाहर साथी भेजकर ली दवा

दवाइयां सप्लाई होने के बाद कॉल करने वाले ने सेल्समैन का मोबाइल नंबर ले लिया। सेल्समैन सिविल अस्पताल के बाहर पहुंचा तो डॉक्टर ने फोन पर सेल्समैन को अपना लड़का भेजकर दवाइयां लेने और चेक देने की की बात कही। इसी दौरान सेल्समैन के पास ई-रिक्शा में व्यक्ति पहुंचा, जिसका नाम अमीर चंद था। उसने सेल्समैन से दवाइयां लेकर उसे चेक दिया। अगले दिन तीन जनवरी को फिर से डॉक्टर ने फोन करके उससे और दवाइयां मांगीं। उसने कहा कि उसका रविवार को कैंप है। कंपनी ने दो लाख रुपये से ज्यादा की दवाइयां सप्लाई कर दी। फिर से उसी ई-रिक्शा में अमीर चंद आया और इस बार आईसीआईसीआई बैंक देहरादून का चेक देकर दवाइयां लेकर चला गया। कंपनी ने फर्जी डॉक्टर का दिया पहला चेक बैंक में लगाया तो चेक क्रेडिट हो गया, लेकिन क्लियरिंग में ब्लॉक हो गया। दूसरा चेक भी बाउंस हो गया। उन्होंने कई बार डॉक्टर को कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। अस्पताल में पता किया तो वहां अमित नाम का कोई डॉक्टर नहीं था।

# बॉक्सर नवीन बूरा दहेज को मारेंगे नॉकआउट पंच

■ गोरखपुर की सिमरन के साथ 19 फरवरी को बंधेंगे विवाह के बंधन में, दहेज मुक्त होगी शादी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

# मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा- जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक-एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे, आखिर लालच ही बुरी बला है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी

जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी आध्यात्मिक, सामाजिक, प्राकृतिक व किसी भी रूप से किसी भी जानवर और वनस्पति को नष्ट करना वर्जित है। विशेषकर वन और मनुष्य एक दूसरे के पर्याय ही हैं। इसलिए जल, जंगल व जमीन की निरंतर सुरक्षा और संरक्षण बहुत ही आवश्यक हो जाता है। प्रदेश के सम्पूर्ण प्राणिजात व वनस्पतिजात (फ्लोरा एंड फौना) का पूर्ण संरक्षण और संवर्धन निश्चित रूप से अनिवार्य है। जिस प्रकार हमारे सारे वातावरण में प्रत्येक पेड़-पौधे, जड़ी-बूटी का होना प्राकृतिक रूप से अनिवार्य है, उसी प्रकार छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जंगली जानवरों की उपस्थिति भी बहुत ही आवश्यक है। यह सत्य है कि हमने ही जंगली जानवरों के अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ कर दी है। – *रमेश सरकार, भाटापारा*

## ट्रेंड

### विश्वास की परंपराएं मजबूत



भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### वैश्विक पहचान पा रहा बस्तर



नक्सलियों ने जिस बस्तर को सदियों तक आईईडी और बारूदों के अंधकार में झोंक रखा था, मोदी जी के नेतृत्व में वहां की कला, संस्कृति, खान-पान और विरासत वैश्विक पहचान पा रही है। जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम' में जनजातीय कला व संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन किया। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

### यूएस से तेल खरीद हमारे हित में



अमेरिका से तेल या एलएनजी, एलपीजी की खरीद भारत के अपने रणनीतिक हित में है, क्योंकि हम अपने तेल स्रोतों में विविधता ला रहे हैं। 'ट्रेड डील में यह तय नहीं होता है कि कौन किससे और क्या खरीदेगा। ट्रेड डील व्यापार के रास्ते को आसान बनाता है। **-पीयूष गोयल**, केंद्रीय मंत्री

### किताब छप चुकी



रक्षा मंत्री ने गलत कहा कि किताब छपी नहीं है, जबकि वह छप चुकी है। राष्ट्रपति के भाषण पर भी एलओपी और विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। सत्तापक्ष के सदस्य ने कई किताबें कोट कर आपत्तिजनक बातें कहीं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। **-राहुल गांधी**, नेता विपक्ष

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में तमिल समाचार पत्र 'प्रस्तोता' पुरस्कृत

सिंगापुर की समाचार प्रस्तोता पावलाकंथम अजहागरसामी को देश में तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए मीडियाकॉर्प के 'प्रधान विझा 2026' में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देता है। उनका करियर चार दशकों से भी अधिक समय का है और उन्होंने सिंगापुर के मीडिया जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। सिंगापुर के सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया समूह 'मीडियाकॉर्प' ने रविवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि यह पुरस्कार वार्षिक समारोह के 21वें संस्करण के दौरान प्रदान किया गया जो सिंगापुर के भारतीय मनोरंजन जगत में उत्कृष्टता को सम्मानित करता है। सिंगापुर के राष्ट्रीय मीडिया नेटवर्क ने कहा, 'एक सम्मानित समाचार प्रस्तोता, मार्गदर्शक और उद्योग की मजबूत स्तंभ के रूप में चार दशकों से अधिक लंबे करियर में पावलाकंथम ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। वह आज भी रेडियो और टेलीविजन उद्योग में तमिल मीडिया पेशेवरों की नयी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती हैं।' शनिवार को मीडियाकॉर्प के थिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शन और कार्यक्रम श्रेणियों के तहत कुल 19 पुरस्कार दिए गए।



## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण

यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियां हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।





# स्कॉटलैंड का एसोसिएट टीमों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाकर रचा कीर्तिमान

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया, जॉर्ज मुन्से का अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

टी20 विश्व कप के इतिहास में स्कॉटलैंड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। एसोसिएट देश के रूप में स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने की उपलब्धि यूएसए को पीछे छोड़ते हुए अपने नाम कर ली है। कोलकाता के ईडन गार्डन में सोमवार को हुए मुकाबले में स्कॉटलैंड ने इटली के खिलाफ टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 207 रन बनाए।

टी20 विश्व कप में किसी भी एसोसिएट देश का एक पारी में बनाया गया यह सबसे बड़ा स्कोर है। पूर्व में यह रिकॉर्ड यूएसए के नाम था। टी20 विश्व कप 2024 में यूएसए ने कनाडा के खिलाफ दूसरी पारी में 3 विकेट पर 197 रन बनाकर जीत हासिल की थी। इसी मैच में कनाडा ने पहली पारी में 194 रन बनाए थे। इटली को टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में 73 रन से हार का सामना करना पड़ा है। स्कॉटलैंड के दिए 208 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली 16.4 ओवर में 134 पर आउट हो गई।



### इटली ने 17 गेंदों पर गंवाए आखिरी पांच विकेट

208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गिर गया। इसके बाद विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। इटली ने अपने आखिरी 5 विकेट 17 गेंद के अंदर गंवाए। कप्तान वेन मैडसेन इंजरी की वजह से बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। इटली के लिए हैरी मैनेंटी ने 25 गेंद पर 3 छक्कों और 1 चौके की मदद से 37 रन बनाए, जबकि बेन मैनेंटी ने 31 गेंद पर 1 छक्का और 5 चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई थी। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लिस्क सफलतम गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। मार्क वाट ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए। ब्रैड करी, ब्रैड व्हील, और ओलिवर डेविडसन ने 1-1 विकेट लिए।

### लिस्क को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 4 विकेट पर 207 तक रन बनाए थे। स्कॉटलैंड के लिए जॉर्ज मुन्से ने बेहतरीन अर्धशतक लगाया। वह 54 गेंद पर 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 84 रन की पारी खेलकर आउट हुए। माइकल जोंस 30 गेंद पर 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा मैकमुलेन ने 18 गेंद पर 4 छक्कों की मदद से नाबाद 41 और लिस्क ने 5 गेंद पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाए थे। माइकल लिस्क प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

आठवां मुकाबला

# जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से हराया, बेनेट की शानदार बल्लेबाजी



**कोलंबो।** जिम्बाब्वे ने सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में सोमवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आठवें मुकाबले में ओमान के विरुद्ध 8 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ओमान की टीम 19.5 ओवरों में 103 रन पर सिमट गई। कप्तान जतिंदर सिंह 1 चौके के साथ 5 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 27 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए। यहां से विनायक शुक्ला ने सुफयान महमूद के साथ छठे विकेट के लिए 43 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही ओमान एक बार फिर से लड़खड़ा गई। विनायक 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि महमूद ने 25 रन की पारी खेली। इनके अलावा, नदीम खान ने 20 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने 3-3 विकेट हासिल किए। एक विकेट सिकंदर रजा के हाथ लगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने कनाडा को 57 रन से हराया

**अहमदाबाद।** कप्तान एडेम माक्ररम के शानदार अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप ग्रुप डी के अपने पहले मैच में सोमवार को कनाडा को 57 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 214 रन बनाए। माक्ररम ने 32 गेंद में दस चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाए। जवाब में कनाडा की टीम आठ विकेट पर 156 रन ही बना सकी। नवनीत धालीवाल ने 64 रन बनाये। कनाडा की शुरूआत काफी खराब रही और पहली ही गेंद पर कप्तान दिलप्रीत बाजवा आउट हो गए। लुंगी एनगिडि की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटोन डिकॉक ने उनका कैच लपका। एनगिडि ने 31 रन देकर चार विकेट लिए। तीसरे ओवर में एनगिडि ने युवराज शर्मा और किर्टोन को आउट कर दिया। इस समय कनाडा का स्कोर तीन ओवर में तीन विकेट पर 26 रन था। धालीवाल और हर्ष ठाकेर (29 गेंद में 33) ने पांचवें विकेट के लिये 69 रन जोड़े लेकिन मार्को यानसेन ने 18वें ओवर में लगातार दो विकेट लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

## खबर संक्षेप

### 25 से इंडिया नॉकआउट नाइट्स, गोयत ने मिलाया आईआईएस से हाथ



**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय पेशेवर मुक्केबाज नीरज गोयत ने देश के मुक्केबाजों के लिए 'इंडिया नॉकआउट नाइट्स' शुरू करने के इरादे से बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ हाथ मिलाया है। यह प्रतियोगिता 25 फरवरी से शुरू होगी। तीन बार के डब्ल्यूबीसी एशियाई खिताब विजेता गोयत को इस पहल के लिए विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता निशांत देव का समर्थन मिला है, जो अब पेशेवर सर्किट में खेलते हैं।

# रणजी ट्राफी : कर्नाटक की सेमीफाइनल में एंट्री 42 बार की चैंपियन मुंबई बाहर, राहुल ने ठोका शतक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली, जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की । बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी।

राहुल को रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 83, 123 गेंद, 11 चौके) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने मैच के चौथे दिन चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके कर्नाटक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहुल की पारी की बदौलत आठ बार का चैंपियन कर्नाटक लंच तक तीन विकेट पर 265 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था। राहुल हालांकि लंच के तुंरत बाद तुषार देशपांडे का शिकार बने। देशपांडे और तनुष कोटियान ने इसके बाद कर्नाटक का स्कोर छह विकेट पर 285 रन कर दिया। बाइस साल के स्मरण ने इसके बाद अपना विकेट बचाने को तरजीह जबकि विद्याधर पाटिल ने 30 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 31 रन की पारी खेलकर कर्नाटक को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले राहुल ने अपनी पारी के दौरान काफी धैर्य दिखाया और कोटियान की गेंद पर चौके के साथ शतक पूरा किया।



# शूट-ऑफ में गोल्ड से चूकीं मनु, ईशा ने जीता ब्रॉन्ज

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं, जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रेंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया। इसके बाद मुकाबला शूट ऑफ में खिंचा, जिसमें वियतनाम की खिलाड़ी ने बाजी मार ली। फाइनल में पूर्व एशियाई एयर पिस्टल चैंपियन ट्रेंग, मनु, ईशा और ओलंपियन रिदम सांगवान सभी स्वर्ण के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे थे।



### ईशा ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच अंक से की शुरुआत

ईशा ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच अंक से शुरुआत की जबकि मनु और ट्रेंग ने चार-चार अंक के निशाने लगाए। हर सीरीज के बाद पदक की दौड़ में स्थिति बदल रही थी लेकिन छठी सीरीज में परफेक्ट पांच के साथ वियतनाम की खिलाड़ी ने दो अंक की बढ़त बना ली। मनु और ईशा ने ट्रेंग की खराब सातवीं सीरीज का फायदा उठाया, जिसमें वह सिर्फ एक निशाना लगा पाईं, जिससे अंतर कम हो गया।

# बीसीसीआई ने कोहली, रोहित शर्मा को बी श्रेणी में खिसकाया





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीनियर सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई के ताजा सालाना केंद्रीय अनुबंध में अपेक्षा के अनुरूप बी श्रेणी में रखा गया है जबकि बोर्ड ने सात करोड़ की रिटनेरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है। बीसीसीआई ने सोमवार को 30 पुरूष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी श्रेणी के सालाना अनुबंध देने की घोषणा की। नये केंद्रीय अनुबंध संबंधित सत्र में खेले गए मैचों और प्रदर्शन के आधार पर दिये गए हैं। दो प्रारूप में कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट हरफनमौला रविंद्र जडेजा को ए श्रेणी में रखा गया है। कोहली और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही प्रारूप में खेलते हैं और इसलिये शीर्ष श्रेणी में नहीं रह सकते। समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी। यह तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिये था और इतने वर्ष में सिर्फ कोहली, रोहित , जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी में रहे हैं। अब इनमें से तीन एक या दो प्रारूपों से विदा ले चुके हैं लिहाजा बोर्ड सिर्फ बुमराह को ए प्लस श्रेणी में नहीं रखना चाहता। गिल का सभी प्रारूपों में खेलना तय नहीं है और टी20 विश्व कप की टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। पिछले चक्र में 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए थे लेकिन इस बार सूची में 30 ही नाम हैं।

### टीम इंडिया सालाना केंद्रीय अनुबंध (सीनियर पुरूष)

▶▶ **ग्रेड ए :** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा

▶▶ **ग्रेड बी :** वॉशिंगटन सुंदर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर

▶▶ **ग्रेड सी :** अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरेल, हर्षित राणा, वरूण चक्रवर्ती, नीतिश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साइ सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रूतुराज गायकवाड़

### सालाना केंद्रीय अनुबंध (सीनियर महिला)

▶▶ **ग्रेड ए :** हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स व दीप्ति शर्मा

▶▶ **ग्रेड बी :** रेणुका ठाकुर, शेफाली वर्मा, रिचा घोष, स्नेह राणा

▶▶ **ग्रेड सी :** राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री, अरूंधति रेड्डी, श्रीचरणी, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, काशवी गौतम, जी कमलिनी।

# इंग्लिश प्रीमियर लीग: मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को दी शिकस्त, हैलेंड ने दागे गोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

एर्लिंग हैलेंड के अंतिम लम्हों में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल को 2-1 से हराकर खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। नॉर्वे के हैलेंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 25 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अब उसके और शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल के बीच छह अंक का अंतर है। लीवरपूल को 74वें मिनट में डोमीनिक जोबोज्लाई ने बढ़त दिलाई थी, जिसके 10 मिनट बाद बर्नार्डो सिल्वा ने स्कोर 1-1 कर दिया। हैलेंड ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। एक अन्य मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर 12 मैच से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया।



# भारत को बड़ा झटका, बीडब्ल्यूएफ ने घटाई टूर्नामेंट व मैच की संख्या

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत को बड़ा झटका लगा है क्योंकि देश में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है, जिसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर 750 दर्जा बरकरार रखा है लेकिन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया। विश्व टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंटों को हटाया गया है उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंटों को 2023 में शुरू किया गया था। लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सैयद मोदी की स्मृति में होता है। यह साल 2018 से विश्व टूर सुपर 300 स्तर का टूर्नामेंट रहा है। 2009 में ग्रां प्री टूर्नामेंट के रूप में शुरू हुआ यह आयोजन अब अगले सत्र से सर्किट में शामिल आठ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक होगा।

**बीडब्ल्यूएफ ने हटाने का कारण नहीं किया स्पष्टः** बीडब्ल्यूएफ ने सैयद मोदी टूर्नामेंट के स्तर को कम करने या ओडिशा और गुवाहाटी के टूर्नामेंटों को कैलेंडर से हटाने के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं किए हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया ओपन को 2023 में सुपर 750 का दर्जा दिया गया था। वह अपनी ग्रेड दो, लेवल तीन स्थिति बनाए रखेगा।

## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | आबकारी एवं कराधान विभाग (जीन्द) हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय का निर्माण (लिफ्ट का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 06.02.2026 13.02.2026 | 62.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में 3 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण और विशेष मरम्मत (हैड-3054 के तहत) 1. दरियावाला से बारसोला रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 12473) 2. जीन्द-हांसी रोड से जीन्द-भिवानी रोड (रोड आईडी 10121) तक बाईपास के आर.डी. 5.375 से 5.675 (एलएचएस) तक विशेष मरम्मत और चौड़ा करना और मजबूतीकरण, 3. दालमवाला-जीवनपुर-नगूरां रोड (रोड आईडी 6643) की विशेष मरम्मत। | 10.01.2026 16.02.2026 | 314.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आर.डी. 10500 पर पाकस्मा ड्रेन के अंदर गांव लोहारहेड़ी, जसौरखेड़ी और धोकेरा आउटफॉल के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए भूमिगत आरसीसी 900 मिमी डाया एनपी3 पाइप लाइन बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.02.2026 | 508.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- 3 वर्ष की अवधि के लिए सुपर सकर मशीन पूर्ण सैट का प्रचालन व रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 06.02.2026 16.02.2026 | 139.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | रिचार्जिंग और सिंचाई प्रयोजन के लिए माधोगढ़ ब्रांच के फालतू बाढ़ के पानी को छोड़ने के लिए प्रेशराइज्ड एचडीपीई पाइप लाइन बिछाकर माधोगढ़ ब्रांच द्वारा गांव डिगरोटा में जल निकायों की रचना। | 06.02.2026 13.02.2026 | 670.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgccdk11@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | डाबरी :- गांव डाबरी ब्लॉक चिराव में डाबरी मेन रोड से डेरा अमरीक सिंह तक टोवॉल का निर्माण (चौड़ा करना), स्कीम वीएएनजीवाई + 4 कार्य। | 06.02.2026 14.02.2026 | 83.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | शिवधाम स्कीम (पार्ट-2) के तहत गांव घोघड़ीपुर ब्लॉक चिराव, जिला करनाल में शमशान घाट में पेवर ब्लॉक बिछाना और चारदिवारी, बरामदा, चबूतरा के निर्माण हेतु बकाया कार्य के लिए संशोधित आकलन + 2 कार्य। | 05.02.2026 14.02.2026 | 26.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम गांव-ताई, तेरकपुर, अलावलपुर, देवला नांगली, बीबीपुर / कालिंजर। | 03.02.2026 13.02.2026 | 444.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | गांवों जलालपुर नूह, खानपुर नूह, खेड़ली नूह और महुन, ब्लॉक नगीना (नूह) का वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम। | 03.02.2026 13.02.2026 | 395.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 10 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | एचएसएससी की आवश्यकता के अनुरूप शारीरिक माप परीक्षा (पीएमटी) और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट (पीएसटी) सम्बन्धित सेवाओं के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना। | 06.02.2026 13.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | www.hssc.gov.in | 9814201658 hsscresultpublication@gmail.com |
| 11 | महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा पंजीरी प्लांट गुरूग्राम | माइक्रोन्यूट्रियंट प्रीमिक्स निविदा। | बंद होने की तिथि 25.02.2026 | ईएमडी 25,000/- | haryanae procurement.govt.in | 9873360016 panjiriplant@gmail.com |
| 12 | महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा पंजीरी प्लांट गुरूग्राम | एचडीपीई बैग्ज निविदा। | बंद होने की तिथि 23.02.2026 | ईएमडी 25,000/- | haryanae procurement.govt.in | 9873360016 panjiriplant@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/280/42873/I/88/6 दि. 09.02.26

## आम सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। ।चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 15 मार्च, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://jewel-oction.procuretiger.com पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उत्तराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: अम्बाला - निकोलसन रोड | |
| 635262602570 | सतीश कुमार |
| शाखा का नाम: असंध | |
| 215862002244 | बृज भूषण |
| 215862003273 | अनुज अनुज |
| शाखा का नाम: बावल | |
| 349862000763 | नरेंद कुमार |
| बिलासपुर-सरस्वती मार्केट | |
| 383362000089 | विक्रम सिंह |
| 383362001086 | इकराम खान |
| शाखा का नाम: एल्लानाबाद, हरियाणा | |
| 359462000494 | मंगता राम |
| शाखा का नाम: फरीदाबाद-ग्रीनफील्ड्स | |
| 732457000021 | [illegible] |
| शाखा का नाम: गुड़गांव - सेक्टर 67 | |
| 489457000018 | अमित शर्मा |
| शाखा का नाम: गुड़गांव - सैक्टर 70 | |
| 555657000007 | कार्तिक रिकेश्वर प्रसाद सिन्हा |
| शाखा का नाम: गुड़गांव - बादशाहपुर | |
| 085857000113 | आशा पुरी |
| शाखा का नाम: गुड़गांव-रत्नगार्डन | |
| 106957000067 | श्रुति श्रुति |
| शाखा का नाम: गुड़गांव-सेक्टर10 ए | |
| 114662003175 | प्रियंका गुप्ता |
| शाखा का नाम: गुड़गांव-सेक्टर 31 | |
| 114462001927 | नितिन त्यागी |
| शाखा का नाम: नारायणगढ़ | |
| 093162005529 | कांता देवी |
| शाखा का नाम: नारनौल | |
| 159062003403 | शिवांशु शर्मा |
| 159062003851 | कृष्णा देवी |
| शाखा का नाम: निस्सिंग हरियाणा | |
| 358662001842 | सोनिया देवी |
| शाखा का नाम: रेवाड़ी | |
| 662062600869 | ज्योति यादव |
| शाखा का नाम: समालखा | |
| 204857000179 | जीवन अहलूवालिया |
| शाखा का नाम: सोनीपत | |
| 030262004158 | अनिल |
| शाखा का नाम: टोहाना | |
| 294762000192 | जिला सिंह |
| [illegible] | [illegible] |

दिनांक: 10.02.2026
स्थान: अम्बाला, भिवानी, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, सिरसा, सोनीपत, फरीदाबाद, पंचकूला, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, पानीपत, फतेहाबाद, यमुनानगर, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र।

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड




# चंद्रयान-4 की चांद पर सबसे सुरक्षित लैंडिंग होगी और मिट्टी के साथ चट्टानों के नमूने भी आएंगे भारत

**चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग की जगह खोज ली है**

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए जिस स्थान को चुना है, वह साधारण जगह नहीं बल्कि चंद्र सतह का बेहद महत्वपूर्ण इलाका है। साउथ पोल के निकट स्थित मॉन्स माउटन लगभग 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है, जिसकी चोटी अपेक्षाकृत सपाट है और यही विशेषता इसे लैंडिंग के लिए उपयुक्त बनाती है। लंबे समय तक सूर्य की रोशनी, अपेक्षाकृत सुरक्षित भूभाग और संभावित वॉटर आइस की मौजूदगी इसे वैज्ञानिकों के लिए और भी आकर्षक बनाती है। लैंडिंग साइट की खोज में चंद्रयान-2 ऑर्बिटर एक बार फिर इसरो के लिए 'आई इन द स्काई' साबित हुआ। ऑर्बिटर हाई रेजोल्यूशन कैमरा द्वारा ली गई 32 सेंटीमीटर प्रति पिक्सल की सूक्ष्म तस्वीरों ने वैज्ञानिकों को छोटे क्रेटर, ढलान, बोल्डर और सतही संरचना को बेहद विस्तार से समझने में मदद की। यही विश्लेषण लैंडिंग साइट के चयन में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग जगह खोज ली है।

### लैंडिंग ही नहीं, सैंपल भी लेकर लौटेगा चंद्रयान-4



2104 करोड़ रुपये लागत वाला चंद्रयान-4 केवल चंद्रमा पर उतरकर वैज्ञानिक अध्ययन ही नहीं करेगा, बल्कि पहली बार चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लेकर आएगा। यह मिशन इसरो के सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण अभियानों में से एक है। दो अलग-अलग रॉकेट-एलवीएम-3 और पीएसएलवी-अपने अपने मॉड्यूल लेकर प्रक्षेपित होंगे। एक स्टैक उत्खनन और संग्रहण का कार्य करेगा, जबकि दूसरा सैंपल को पृथ्वी तक सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक मॉड्यूल लेकर जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हिमंता का शूटिंग वीडियो विवाद : सीएम के खिलाफ पीआईएल दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को असम का एक अहम मुद्दा पहुंचा है। दरअसल सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर जनहित याचिका दायर की गई है। यह मामला शूटिंग वीडियो से जुड़ा है। ओवैसी की एक्स पोस्ट के अनुसार, इसमें कहा गया कि सीएम हिमंता सरमा ने शूटिंग वीडियो में मुसलमानों को टारगेट गोली चलाने का वीडियो दिखाने के लिए बनाया था। दूसरी ओर हाल ही में अपने भाषण में मुसलमानों को लेकर बयान दिया था। जिसमें उन्होंने खासकर के राज्य के परिदृश्य के हिसाब से इसके बारे में बात की थी। याचिका में उन पर नफरत फैलाने वाले और गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के आरोप लगाए गए हैं। इस जनहित याचिका में पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, सामाजिक कार्यकर्ता रूप रेखा वर्मा और जॉन दयाल सहित कुल 12 याचिकाकर्ता शामिल हैं। सभी ने अदालत से इस गंभीर मसले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, कुछ वरिष्ठ मंत्री और राज्यपाल लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जिनमें मुस्लिम समुदाय को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। इस बीच हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### पैकेज से सेशेल्स के विकास को मिलेगी मजबूती

# सेशेल्स के लिए भारत ने दिखाया बड़ा दिल 17.5 करोड़ डॉलर के 'पैकेज' का ऐलान

**पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सेशेल्स के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज की घोषणा की, ताकि सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, वोकेशनल ट्रेनिंग, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह ऐलान दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों का एक मजबूत स्तंभ रहा है, जिसमें सभी पहल सेशेल्स की प्राथमिकताओं और जरूरतों के हिसाब से हैं। उन्होंने कहा कि यह विशेष आर्थिक पैकेज ठोस, लोगों पर केंद्रित प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट करेगा और रोजगार और स्किल-ट्रेनिंग के मौके पैदा करेगा, खासकर सेशेल्स के युवाओं के लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति हर्मिनी की यह यात्रा एक महत्वपूर्ण समय पर हो रही है, क्योंकि भारत और सेशेल्स अपने राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे कर रहे हैं, और उन्होंने विश्वास जताया कि यह मील का पत्थर दोनों देशों को अपनी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं।

भारत-सेशेल्स के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे | दोनों देशों में समय के साथ संबंध मजबूत हुए हैं

### दोनों देशों का रिश्ता जमीन से समुद्र तक



दोनों देशों के लोगों के संबंधों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स में भारतीय समुदाय ने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, साथ ही पीढ़ियों से द्विपक्षीय संबंधों को भी मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक विश्वसनीय समुद्री पड़ोसी और भारत के महासागर विजन के एक अभिन्न अंग के रूप में सेशेल्स के महत्व पर भी जोर दिया, और कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग जमीन, पानी और समुद्र तक फैला हुआ है।

### राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा

राष्ट्रपति हर्मिनी रविवार को चेन्नई और मुंबई में अपने कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद नई दिल्ली पहुंचे। अक्टूबर 2025 में पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है और यह दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती के साथ हो रही है।

### मुंबई और चेन्नई में निवेश पर चर्चा

राष्ट्रपति हर्मिनी का यह दौरा केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि पूरी तरह से बिजनेस सेंट्रिक भी रहा है। दिल्ली पहुंचने से पहले उन्होंने चेन्नई और मुंबई में समय बिताया, जहां उन्होंने गवर्नेंस, इंडस्ट्री और कोस्टल मैनेजमेंट से जुड़े प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के साथ मुलाकात की। पिछले साल अक्तूबर में पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है, जो पांच दिनों तक चलेगा। रविवार को दिल्ली पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया था और सोमवार को उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

### एपस्टीन फाइल्स : 10 देशों में इस्तीफे, 80 लोगों की जांच

# स्टार्मर का जाना लगभग तय, ब्रिटेन को मिल सकती हैं पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



ब्रिटेन से पीएम कीर स्टार्मर का पद छोड़ना लगभग तय हो गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन को पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री मिल सकती हैं। गृह मंत्री शबाना महमूद का नाम संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उभर रहा है। शबाना महमूद पेशे से वकील हैं और प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री स्टारमर के विश्वासपात्र नेताओं में शामिल हैं। वह 45 साल की हैं। लेबर पार्टी में उन्हें एक प्रभावी वक्ता और पार्टी के दक्षिणपंथी खेमे से जुड़ी एक राजनेता के रूप में देखा जाता है। अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चैट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। सरकारों ने जांच के आदेश दिए हैं।




## मेटा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 23 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी



**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाटसएप-मेटा गोपनीयता नीति मामले की सुनवाई 23 फरवरी, 2026 तक के लिए स्थगित कर दी। यह मामला सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। पीठ के समक्ष मौखिक सुनवाई के दौरान, एक वकील ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और उन्होंने पीठ से मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया। भारत में मेटा और वॉटसएप को न्यायिक अल्टीमेटम का सामना क्यों करना पड़ रहा है? सुप्रीम कोर्ट तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों मेटा प्लेटफॉर्म्स और वाटसएप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें सीसीआई के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उनकी गोपनीयता नीति को लेकर उन पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## भारत ने वेनेजुएला को दिया तेल का पहला बड़ा ऑर्डर



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के साथ 'ट्रेड डील' के बाद भारत ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट में एक बड़ा दांव खेला है। रिपोर्टस के मुताबिक, भारत की सरकारी रिफाइनरी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने वेनेजुएला से 20 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदने का सौदा किया है। इसे एक बड़ा फैसला माना जा रहा है। सबसे बड़ी बात तेल पर भारत को बड़ी छूट मिलने की बात कही जा रही है। लेकिन यह डील थर्ड पार्टी के जरिए हुई है ऐसा क्यों है? रिपोर्ट के अनुसार, यह सौदा ट्रेड फर्म ट्रैफिगुरा के जरिए हुआ है। कुल 20 लाख बैरल कच्चे तेल में से आईओसी ने 15 लाख बैरल और एचपीसीएल ने 5 लाख बैरल लिए हैं। यह पहली बार है जब एचपीसीएल ने वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदा है। यह तेल अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में एक वेरी लार्ज क्रूड कैरियर के जरिए भारत के पूर्वी तट पर पहुंचेगा।

## बॉन्डी बीच हमले के बाद यहूदियों से मिलने पहुंचे इजराइली राष्ट्रपति



**नई दिल्ली ।** सिडनी इजराइली के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग सोमवार सुबह ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर पहुंचे। उनका यह चार दिन का दौरा खास तौर पर पिछले साल दिसंबर में बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले यहूदी समुदाय के प्रति समर्थन दिखाने के लिए है। हालांकि, फलस्तीनियों को लेकर इजराइली की नीतियों के कारण इस यात्रा को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया है। मीडिया से बातचीत में हर्जोग ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के अलग-अलग हिस्सों में यहूदी समुदाय से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका मकसद हमले के बाद समुदाय के साथ एकजुटता दिखाना और उन्हें हौसला देना है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर-जनरल और प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर आए राष्ट्रपति हर्जोग अपने दौरे के दौरान यहूदी समुदाय के नेताओं से मिलेंगे और बड़े सामुदायिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। नकी ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात होने की संभावना है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया में इस्राइली राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया है।

# दोहरा चेहरा: एक तरफ कहते हैं हम डरने वाले नहीं, दूसरी तरफ बंकर में छिप रहे

*हमारी नीतियां तय करने वाला अमेरिका कौन?*

## ईरान ने कहा-हम डरने वाले नहीं, यूरेनियम संवर्धन प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेंगे



अराघची

**नई दिल्ली ।** तेहरानईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं। तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है। अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए।

*ट्रंप की धमकियों के बीच 37 साल पुरानी परंपरा तोड़ी*

## अमेरिकी हमले के डर से अंडरग्राउंड होने को मजबूर ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई



खामेनेई

अमेरिका ने ईरान पर दबाव बढ़ा दिया है। एक तरफ तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खाड़ी में अमेरिका की सैन्य ताकत को बढ़ा दिया है। वहीं दूसरी तरफ परमाणु वार्ता करने के लिए मजबूर कर दिया है। ऐसे में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने कथित तौर पर ईरानी वायु सेना कमांडरों के साथ हर साल 8 फरवरी को होने वाली बैठक में भाग न लेकर अपनी 37 साल पुरानी परंपरा को तोड़ दिया है। माना जा रहा है कि अमेरिकी हमले के डर से खामेनेई अंडरग्राउंड हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई ने 1989 में नेतृत्व संभालने के बाद से हर साल इस वार्षिक बैठक में भाग लिया है। यहां तक कि जब कोरोना महामारी आई थी, उस दौरान भी खामेनेई इसमें शामिल हुए थे। हर साल ईरान में 8 फरवरी को वायु सेना कमांडरों की बैठक होती है। यह दिन 8 फरवरी 1979 की वर्षगांठ का प्रतीक है, जब ईरान वायु सेना अधिकारियों के एक समूह ने पहलवी राजवंश को उखाड़ फेंकने के लिए रुहोल्लाह खुमैनी के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा की थी। खुमैनी ही इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक थे और खामेनेई के पहले ईरान के सुप्रीम लीडर थे। इन चार दशकों में, 8 फरवरी का यह दिन एक प्रतीक बन गया। इसी दिन वायु सेना के कर्मी और कमांडर हर साल ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलते थे। इस साल खामेनेई के बजाय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ अब्दोलरहीम मौसवी ने रविवार को सेना वायु सेना के कमांडरों से मुलाकात की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28